भारत सरकार

उत्तर पूर्वी क्षेत्र विकास मंत्रालय

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या 4000

उत्तर देने की तारीख 17 जुलाई, 2019 (बुधवार)

26 आषाढ़, 1941 (शक)

प्रश्न

सड़क का पुनर्निर्माण

4000. श्री होरेन सिंह बे:

क्या उत्तर-पूर्वी क्षेत्र विकास मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या उम्मुलोंग-कामपुर एनईसी सड़क सेवाओं की वर्तमान स्थिति क्या है क्योंकि यह जिला मुख्यालय, हमरेन और असम में शेष पश्चिम कार्बी आंगलोंग जिले के बीच प्रमुख संचार केंद्र है;

(ख) क्या विशेष रूप से खं▯ली से बैथलांग्सो क्षेत्र तक सड़क का सुधार और पुनर्निर्माण गत दस वर्षों से अधूरा पड़ा है जिससे जिला प्रशासन और यात्रियों के लिए गंभीर चुनौतियां उत्पन्न हो रही है;

(ग) यदि हां, तो क्या एनईसी प्राधिकरण ने समयबद्ध तरीके से सड़क की पुनर्बहाली के लिए कोई कदम उठाए हैं; और

(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और इसके क्या परिणाम रहे हैं?

उत्तर

उत्तर पूर्वी क्षेत्र विकास राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार)

(▯ॉ. जितेन्द्र सिंह)

(क) और (ख) उम्मुलोंग-कामपुर एनईसी सड़क को तीन क्षेत्रों अर्थात् जोवाई (उम्मुलोंग से लगभग 13 किमी) - खं▯ली क्षेत्र, खं▯ली - बैथलांग्सो क्षेत्र और बैथलांग्सो - कामपुर - राहा क्षेत्र में बांटा गया है । नार्तियांग, खं▯ली और हमरेन, पश्चिमी कार्बी आंगलोंग जिलों के जिला मुख्यालय होते हुए जोवाई से बैथलांग्सो जाने वाली सड़क को एनईसी द्वारा 2010-11 के दौरान 138.36 करोड़ रूपये की अनुमानित लागत पर स्वीकृत किया गया था जिसमें एनईसी का अंश 10 पुलों के साथ 114.35 किमी की कुल सड़क लंबाई के साथ 124.52 करोड़ रूपये है ।

मेघालय राज्य में जोवाई (चौथा मील) से खं▯ली तक लगभग 54.80 किमी लंबी सड़क का भाग नवंबर 2014 में पहले ही पूरा हो गया है और इसका रखरखाव लोक निर्माण विभाग, मेघालय सरकार द्वारा किया जा रहा है । असम में खं▯ली से बैथलांग्सो तक लगभग 59.55 किमी लंबे शेष भाग का निष्पादन लोक निर्माण विभाग, असम सरकार द्वारा किया जा रहा है जिसकी वर्तमान प्रगति 75% और समापन की संभावित तिथि (पी▯सी) दिसंबर, 2019 सूचित की गई है।

इसके अतिरिक्त, कामपुर होते हुए बैथलांग्सो से राहा तक सड़क का तीसरा क्षेत्र एनईसी द्वारा वर्ष 1999 - 2000 के दौरान 46.40 किमी की कुल सड़क लंबाई के साथ 32.85 करोड़ रूपये की अनुमानित लागत पर स्वीकृत किया गया था जिसमें से एनईसी का अंश 31.46 करोड़ रूपये है । कार्य पूरा हो गया है और इसे असम राज्य सरकार को सौंप दिया गया है । वर्तमान में सड़क के इस भाग का रखरखाव लोक निर्माण असम सरकार कर रहा है ।

(ग) और (घ) एनईसी ने कार्यान्वयन करने वाली एजेंसी अर्थात् लोक निर्माण विभाग, असम सरकार से अनुरोध किया है कि कार्यस्थल का समुचित पर्यवेक्षण और खं▯ली से बैथलांग्सो क्षेत्र के कार्य को शीघ्र पूरा करने के लिए तेजी लाने के उपाय करे ।

****